राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल श्री मिश्र ने वर्ष प्रतिपदा पर पूजा अर्चना कर किया नववर्ष का स्वागत

जयपुर, 13 अप्रेल। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने मंगलवार को चौत्र शुक्ल प्रतिपदा पर राजभवन स्थित मंदिर में पूजा अर्चना की।

राज्यपाल श्री मिश्र ने नवरात्र के पहले दिन दुर्गासप्तशती का पाठ कर मां दुर्गा से देश और प्रदेश की समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। उन्होंने कोरोना महामारी के प्रकोप को कम करने के लिए भी प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि हम सभी हर्ष और उमंग के साथ नव वर्ष का अभिनंदन करें तथा कोविड प्रोटोकॉल का पूरी तरह पालन कर इस महामारी को मात देने का निश्चय करें।

———

बाबा साहब डॉ. अम्बेडकर जयंती पर राज्यपाल की शुभकामनाएं

जयपुर, 13 अप्रेल। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 130 वीं जन्म जयन्ती (14 अप्रेल) पर सभी देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं।

राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा कि बाबा साहब द्वारा रचित संविधान और उसमें निहित मूल्य ही भारतीय लोकतंत्र की आत्मा हैं। उन्होंने इस अवसर पर आह्वान किया है कि सभी देशवासी भारतीय संविधान की प्रस्तावना को आत्मसात करने और मूल कर्तव्यों का पालन करने का संकल्प लें, यही बाबा साहब को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

———